हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, सोमवार, 19 मई 2025

11 चांदूवाड़ा में निरंतर बहते सीवर की राजेश तीन...



12 कॉलेज में दाखिले के लिए आज से खुलेगा पोर्टल...





## खबर संक्षेप



### शहर 122वीं राधा कृष्ण प्रभात फेरी का आयोजन

नारनौल। राधा कृष्ण प्रभात फेरी संगठन के तत्वावधान में रविवार को शहर में 122वीं प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। यह प्रभात फेरी अध्यात्म, भक्ति और सांस्कृतिक उत्सव का सुंदर संगम रही। मुख्य यजमान महावीर प्रसाद गर्ग ने परिवार सहित ठाकुर जी की आरती उतारी व सभी भक्तों को चंदन तिलक कर पुण्य का भागी बनाया। इस आयोजन में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल थे। ढोल नगाड़ों की गूंज व मंजीरों की मधुर धुन पर राधे राधे के जयघोष करते हुए नाचते गाते प्रभात फेरी में शामिल हुए।



### स्लम एरिया टैलेंट बच्चों ने पाई परीक्षा में सफलता

नारनौल। अभी कुछ दिनों के अंतराल में हरियाणा बोर्ड और ब्ठैम् बोर्ड का रिजल्ट घोषित किया गयाए जिसमे स्लम एरिया टैलेंट के बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया ण्ण स्लम एरिया टैलेंट नारनौल के 10 बच्चें जो ब्ठैम् बोर्ड से थे ए उसमें से 9 बच्चों ने 80ः से ज्यादा मार्क्स लेकर ये साबित कर दिया कि सुविधा ना होने पर भी पढ़ाई करके अच्छे मार्क्स लाये जा सकते है । इसी प्रकार 5 बच्चों ने हरियाणा बोर्ड में भी अच्छा प्रदर्शन किया।।

### विश्वशांति को लेकर महंत कर रहे पंचधूणी तपस्या

**कनीना**। विश्वशांति व जनकल्याण को लेकर कनीना विकास खंड के गांव बूचावास स्थित जोहड़ी धाम आश्रम में महंत ओमानंदगिरी की ओर से 31 दिवसीय पंचधूणी तपस्या की जा रही है। इस दौरान उन्होंने 41 दिन तक मौन रहने की प्रतिज्ञा की है। महाशय सुमेर सिंह झगड़ोली व अशोक कुमार ने बताया कि विश्वशांति तथा विश्वकल्याण को लेकर मंहत ओमानंद गिरी की ओर से ज्येष्ठ मास में तपस्या की जा रही है।



### संस्कृत प्रवक्ता मधु लता को किया सम्मानित

**महेंद्रगढ**। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बवानियां में कक्षा 12वीं में पढ़ने वाले बच्चों ने हरियाणा बोर्ड परीक्षा में संस्कृत विषय में सात बच्चों ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए हैं। एक बच्चे ने 99 अंक प्राप्त किए हैं। इसके अलावा 10वीं कक्षा में एक बच्चे को 100 में से 100 अंक प्राप्त किए है। बच्चों की इस सफलता प्राप्त करने में मेहनत करने वाली संस्कृत प्रवक्ता सिसोठ निवासी मधुलता पत्नी अमित शर्मा को मिशन महेंद्रगढ अपना जल टीम सिसोठ के सदस्यों ने ममाज की तरफ से पौधा भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मिशन महेंद्रगढ अपना जल टीम सदस्य मुकेश चौहान, माता भूरा भवानी मंदिर कमेटी सिसोठ प्रधान एवं ममाज टीम सदस्य संदीप यादव, परमजीत, शिव कुमार आदि मौजूद रहे।

### महेंद्रगढ़ विधानसभा के विकास कार्यों के लिए अलग से 5 करोड़ रुपये की घोषणा

# सीएम ने महेंद्रगढ़ को दिए करोड़ों के 'नायब' तोहफे

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

महेंद्रगढ़। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने रविवार में शहर के कॉलेज ग्राउंड में आयोजित धन्यवाद रैली में महेंद्रगढ़ को करोड़ो रुपये के नायब तोहफे दिए। इस दौरान सीएम ने 81 करोड़ 49 लाख 30 हजार रुपये की लागत की 15 परियोजनाओं का उद्घाटन तथा 71 करोड़ 38 लाख 62 हजार रुपये लागत की 15 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इसके अलावा सीएम ने महेंद्रगढ़ में सब डिपो बनाने, नई अनाजमंडी व वीएलडीए कॉलेज खोलने जैसी अनेक बड़ी घोषनाएं की।

सीएम ने कहा कि यह भूमि सैनिकों की भूमि है। यहीं से 20 किलोमीटर दूर वीरभूमि नसीबपुर है। नसीबपुर का युद्ध भारत के प्रथम स्वाधीनता संग्राम के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। जब 1857 में इसी भूमि के योद्धा राव तुलाराम ने ब्रिटिश सत्ता की नींव हिला दी थी। हमारी वीर धरा के सपूतों ने हर युद्ध में





महेंद्रगढ़। विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करते सीएम व रैली में उपस्थित भीड़। फोटो : हरिभूमि

देश-प्रदेश का सदा गौरव बढ़ाया है। चाहे वह आजादी की लड़ाई थी अथवा आजादी के बाद 1962, 1965, 1971 व 1999 के युद्ध हों। हाल ही में आपरेशन सिंदूर के तहत भी हमारे वीरों ने दुनिया को यह बता दिया है कि यदि कोई भारत को छेड़ेगा तो भारत उसे छोड़ेगा नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से अब तक महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 1570 करोड़ रुपये की लागत के विकास कार्य करवाए हैं। जबकि कांग्रेस सरकार के 10 सालों में केवल 700 करोड़ रुपये के काम हुए। हमारी डबल इंजन सरकार ने कांग्रेस के मुकाबले दोगुने से भी ज्यादा काम करवाए हैं और अब तो प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार है और विकास के काम तीन गुणा गति से होंगे।

उन्होंने विश्वास दिलाया कि महेंद्रगढ़ को विकास के मामले में आगे बढ़ाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोडूंगा। मुख्यमंत्री ने घोषणाओं का पिटारा खोलते हुए कहा कि जिन किसानों ने ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए पैसे जमा करवा रखे हैं। ऐसे 1450 किसानों को तीन माह के दौरान बिजली कनेक्शन दिए जाएंगे। इसके अलावा 2023 तक जिन किसानों ने ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए आवेदन किया है, वे भी जल्द पैसे जमा करवा दें, उनके कनेक्शन भी जल्द जारी कर दिए जाएंगे। उन्होंने महेंद्रगढ़ विधानसभा के 18 गांवों में स्कूलों की मरम्मत व नवीनीकरण के लिए 5 करोड़ 38 लाख रुपये की घोषणा की। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने महेंद्रगढ़ विधानसभा के विकास कार्यों के लिए अलग से 5 करोड़ रुपये देने की भी घोषणा की।इस मौके पर सिंचाई तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री कुमारी रती सिंह राव व सांसद धर्मबीर सिंह ने भी संबोधित किया। इस मौके पर विधायक ओमप्रकाश यादव, पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा, पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव, जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव, महिला जिला अध्यक्ष भारती सैनी, पूर्व जिला अध्यक्ष दयाराम यादव, नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी व भाजपा नेत्री अर्चना ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### महेंद्रगढ़ को अनाजमंडी का तोहफा



मुख्यमंत्री ने महेंद्रगढ़ विधानसभा में एक नई अनाज मंडी बनाने की भी घोषणा की। उन्होंने नई अनाजमंडी के लिए जगह तलाश करने की बात कही। इसके अलावा उन्होंने कहा कि किसी भी गांव में जमीन उपलब्ध होने पर गौ-अभ्यारण्य बनाया जाएगा। गांव उष्मापुर, बारड़ा, खातौद या जड़वा में जमीन उपलब्ध करवाने पर पशु औषधालय और पशु चिकित्सालय बनाने के लिए 1 करोड़ 51 लाख रुपये व गांव डिगरोता के पशु औषधालय को पशु चिकित्सालय में अपग्रेड करने के लिए 40 रुपये की घोषणा की। इसके साथ ही वीएलडीए कॉलेज की फिजिबिलिटी चैक करवाकर इस कार्य को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांव आकोदा में बिजली का सब-डिविजन स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा, मकानों के ऊपर से गुजरने वाली हाईटेंशन लाइनों को हटाया जाएगा। इसके लिए 3 करोड़ रुपये की राशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि डालनवास गांव में 33 केवी तथा महेंद्रगढ़ शहर में 33 केवी सब स्टेशन स्थापित किया जाएगा। महेंद्रगढ़ विधानसभा में 56 कॉलोनियों में बिजली व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा, महेंद्रगढ़ शहर में एलटी लाइनों की जगह एलटी केबल डाली जाएगी। महेंद्रगढ़ से नारनौल तक 33 हजार केवी की बंद पड़ी लाइन को हटाया जाएगा। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत खातोद में जमीन उपलब्ध करवाने पर प्राइमरी हेल्थ सेंटर बनाया जाएगा। 4 माइनरों निहालवास, जैरपुर, सीसोठ, खायरा के पुनर्निर्माण के लिए 6 करोड़ 60 लाख रुपये की घोषणा की। महेंद्रगढ़ विधानसभा में 180 किलोमीटर लंबी सड़कों का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। 36.85 किलोमीटर की सात सड़कों को जून माह तक स्पेशल रिपेयर करने व 44.53 करोड़ की लागत से 78.71 किलोमीटर लंबाई की 16 सड़कों का भी स्पेशल रिपेयर के तहत नवीनीकरण करने की घोषणा की।

## नांगल दर्गू का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट : कैलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नांगल दर्गू के छात्रों ने यह साबित कर दिया कि लग्न, मेहनत और सही मार्गदर्शन से कोई भी मंजिल दूर नहीं। हाल ही में घोषित हुए बोर्ड परीक्षा परिणाम में विद्यालय की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। नचिता पुत्री शीशराम ने 476 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। रश्मि पुत्र वीरेंद्र ने 463 अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वंशुका पुत्री जगदीश 459अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्राचार्य कैलाश यादव ने बताया कि यह परिणाम बच्चों की दिन रात की कड़ी मेहनत और सच्ची लग्न से पढ़ाई करने का परिणाम है। उन्होंने बताया कि बोर्ड की परीक्षाओं में 16 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। गौरतलब है कि पिछले दिनों 12वीं कक्षा का परिणाम भी शत प्रतिशत रहा।



नारनौल। मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को लेकर गांव में सम्मान यात्रा निकाली। फोटो : हरिभूमि

जिसमें 15 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। ग्रामीणों ने परीक्षा में मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को लेकर गांव में सम्मान यात्रा निकाली। इस अवसर पर सरपंच पूरणमल ने सभी मेधावी छात्रों को उनकी शानदार सफलता के लिए बधाई दी।

## ज्ञानकोष-ए-ग्लोबल का परिणाम शानदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। महेंद्रगढ़

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा 10वीं में खरखड़ा आकोदा स्थित ज्ञानकोष-ए-ग्लोबल स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय डायरेक्टर राजेश कुमार झा, सीईओ राकेश कुमार, प्राचार्य रामनिवास यादव व कोआर्डिनेटर तनु यादव ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। सीईओ राकेश कुमार ने बताया कि विद्यालय के परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। बच्चों, अभिभावकों का अध्यापकों के साथ ताल-मेल अच्छा रहा हैं। उसी का परिणाम आज हमारे सामने है। प्राचार्य रामनिवास यादव व तनु यादव ने बताया कि विद्यालय का परिणाम बहुत ही शानदार रहा, जिसमें मुस्कान पुत्री बिल्लू सिंह ने 90 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, मानसी पुत्री दारा सिंह व ऋषभ पुत्र तरसेम लाल ने 86.4 प्रतिशत लेकर द्वितीय व देवांश पुत्र राकेश कुमार ने 86.2 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया।



महेंद्रगढ़। विजय चिह्न बनाकर खुशी जाहिर करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## क्षेत्र का विकास नितांत आवश्यक



**महेंद्रगढ़**। मुख्यमंत्री सैनी के महेंद्रगढ़ आगमन पर माता के हलवे का प्रसाद वितरण नेता स्वीट हाउस की ओर से स्थानीय परशुराम चौक पर किया गया। बिढाट समिति अध्यक्ष एवं रामलीला परिषद् पूर्व प्रधान चेतन प्रकाश गौड़ ने माता के प्रसाद का भोग लगाकर क्षेत्र के विकास की कामना की। नेता स्वीट हाउस पर प्रातः 10 बजे से ही समाजसेवी एवं रामलीला परिषद् पूर्व संरक्षक घीसाराम सैनी की ओर से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के महेंद्रगढ़ आगमन पर उनके स्वस्थ जीवन की कामना व महेंद्रगढ़ के विकास के प्रति लगाव को देखते हुए एक क्विंटल हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। मौके पर सेवानिवृत मुख्याध्यापक दिनेश दत्त, रामफूल यादव, सोहनलाल टैनी, प्रमोद तिवाड़ी, विकास तिवाड़ी, इंजीनियर अशोक जांगड़ा, बच्चन सिंह, धर्मवीर मौजूद थे।

## डॉ. मनीषा सैनी को मिला संगीत गौरव अवार्ड, मिल रही बधाइयां



नारनौल। श्रीराम संगीत संस्थान गुरुग्राम की ओर से नारनौल में रहने वाली डॉ. मनीषा सैनी को संगीत गौरव अवार्ड 2025 से नवाजा है। संगीत में समर्पित कलानिष्ठा एवं सक्रिय रचनात्मक योगदान को दृष्टिगत रखते हुए यह सम्मान संस्थान ने दिया है।

इस दौरान डॉ. मनीषा सैनी ने कहा कि वह एमए, एमफिल, बीएड, नेट, संगीत स्वर से पीजीएच की हुई है। फिलहाल वह राजकीय कन्या महाविद्यालय में लेक्चरर (गायन विभाग) में है। उन्होंने कहा कि स्वर एक नियमित और स्थिर आवाज है। यह आवाज संगीत में काम करती है। ये मधुर आवाज कानों को और मन को प्रसन्न करती है। यहीं स्वर संगीत में उपयोगी नाद होता है। डॉ. मनीषा सैनी ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता पिता व अपने गुरु डॉ. रेणुका गंभीर, पंडित देवेंद्र वर्मा, डॉ. हुकुमचंद मेहता, डॉ. लोकेश शर्मा को समर्पित किया है। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डॉ. सोनिया शर्मा, प्राचार्य डॉ. सीताराम शर्मा, उप प्राचार्य डॉ. संदीप मेहरा व प्रबंधक प्रेम सिंह, मुख्य सचिव मिथिलेश कुमार, सह सचिव राजकुमार भाटी, कोषाध्यक्ष विरेंद्र सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. सपना मौर्या व सह प्रबंधक डॉ. संजय कुमार मौजूद रहे। वहीं यह सम्मान डॉ. मनीषा सैनी को मिलने पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. आरपी सिंह, डॉ. यशपाल, डॉ. अजय ठाकन, ममता सिद्धार्थ व डॉ. पारूल गुप्ता सहित क्षेत्र के लोगों ने बधाई दी है।



नांगल चौधरी। परीक्षा परिणाम में अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्राचार्य राजेश कुमार।

## सरस्वती स्कूल भोजावास के विद्यार्थियों ने बाजी मारी

**नांगल चौधरी**। सरस्वती पब्लिक स्कूल भोजावास के विद्यार्थियों ने शिक्षा बोर्ड भिवानी के दसवीं कक्षा के परिणामों में शानदार प्रदर्शन किया है। शत प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता हासिल करके स्कूल व गांव का नाम रोशन किया है। स्कूल के प्रबंधक निदेशक अमित यादव ने मेधावी प्रतिभाओं को पुरस्कृत करने का निर्णय लिया है। प्राचार्य राजेश कुमार ने बताया कि 38 विद्यार्थी दसवीं कक्षा की परीक्षा में अपीयर हुए थे। जिनमें साहिल कुमार पुत्र सुमेर सिंह 94 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में अव्वल रहा है। प्रियांशु पुत्र सतपाल ने 91 प्रतिशत, खुशी पुत्री आजाद सिंह ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। स्कूल के 18 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान पाया है। उन्होंने बताया कि प्रिंस पुत्र महीपाल ने अंग्रेजी विषय में 100 में से 100 अंक लेकर रिकॉर्ड बनाया है।

## नवविवाहित दंपति ने पर्यावरण संरक्षण के लिए किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶। महेंद्रगढ़

गांव रसूलपुर निवासी राजेंद्र सिंह और सुशीला देवी के पुत्र एडवोकेट प्रदीप कुमार और नेवी में कार्यरत जवान प्रवीण कुमार की शादी ज्योति और अन्नु यादव से 11 मई को संपन्न हुई हैं। फेरो के समय दूल्हों ओर दुल्हनों ने 21 पौधे लगाने का वचन लिया और हर वर्ष शादी की सालगिरह पर एक पौधा लगाने ओर बड़ा होने तक पूरा पालन पोषण करने का वचन लिया। फेरो के उसी वचन को पूरा करते हुए शादी के कार्यक्रम संपन्न होते ही वीरवार को गांव रसूलपुर के मंदिर में त्रिवेणी सहित बड़, पीपल, बेलपत्र के 21 पौधे लगाए गए। प्रदीप कुमार और प्रवीण कुमार ने बताया कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है। इस दौरान मिशन महेंद्रगढ़ अपना जल ग्रुप सदस्य अनिल रसूलपुरिया और ममाज सदस्य उमेद सरपंच ने बताया कि पेड़ों का हमारे जीवित रहने में बड़ा योगदान है। मौके पर सरदार शिवकुमार, सुमन देवी, सरपंच बनीता, करण सिंह, कर्मबीर सिंह, सत्यबीर, वीरेंद्र डॉक्टर, हवलदार मनीष आदि मौजूद रहे।



महेंद्रगढ़। मंदिर में पौधारोपण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## तमन्ना नरवाल ने जीता साउथ एशियन आर्म बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल

हरियाणा अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ के तत्वावधान में रविवार अंबेडकर भवन मालवीय नगर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता संघ के प्रधान राजपाल गोरा ने की। सम्मान समारोह में कुमारी तमन्ना नरवाल केशव नगर को साउथ एशियन आर्म बॉक्सिंग चैंपियनशिप गोआ में स्वर्ण पदक जीतने पर सम्मानित किया गया।

संघ के पूर्व प्रधान जय नारायण ने कुमारी तमन्ना की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि कुमारी तमन्ना ने न केवल अपने माता पिता बल्कि पूरे समाज को गौरवान्वित किया है। हमें उसकी इस उपलब्धि पर गर्व है।

इस अवसर पर संघ के पूर्व प्रधान राजकुमार निम्बल ने इस उपलब्धि पर तमन्ना के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राष्ट्रपति अवॉर्डी रोशनी देवी, भारतीय बौद्ध महासभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आशा पूनिया, सावित्री बाई फुले समिति के अध्यक्ष कामरेड सुभाष चंद एडवोकेट, संघ के उपप्रधान सुरेश नाहर, इंस्पेक्टर अत्तर सिंह खींची आदि सभी वक्ताओं ने तमन्ना की इस उपलब्धि पर उनके परिवार को बधाई दी तथा आगे भी नई ऊंचाइयों को छूने के लिए मंगलाशीष व्यक्त की। अंत में प्रधान राजपाल गोरा ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद किया।

इस मौके पर तमन्ना की बहन, माता पिता, दादी तथा उनका पूरा परिवार मौजूद रहा। सम्मान समारोह में ओमप्रकाश कटारिया, रामानन्द पनवाल कैशियर, रामकिशन सिंहवैया, नवनीत सिरोहा व बच्चे मौजूद थे।



**नारनौल**। खिलाड़ी तमन्ना को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### यज्ञ | देश के पांचों वीर शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की

## नर नारायण सेवा समिति ने किया शिव मंदिर में हवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल

नर नारायण सेवा समिति ने भारत की एकता, अखण्डता व संप्रभुता लिए शिव मंदिर में यज्ञ हवन किया। जिसमें नर नारायण सेवा समिति के सभी सदस्यों ने भाग लिया। हवन यज्ञ करवाने आचार्य सत्यव्रत शास्त्री, राजेश शास्त्री व महेशचन्द शर्मा थे। हवन यज्ञ में मुख्य यजमान प्रेमचंद सैनी सपत्नीक थे। सुमेरसिंह यादव ने समिति सदस्यों से कहा कि पहलगाम में जिन निर्दोष नागरिकों की हत्या हुई तथा भारत सरकार ने पाकिस्तान में आतंकवादियों को मारने के लिए ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए सैनिकों की आत्मा की शांति के लिए व श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए यज्ञ में आहुति अर्पित की। समिति के पूर्व उपप्रधान धर्मपाल ने कहा है कि जम्मू कश्मीर में हुई पाकिस्तान की कायरतापूर्ण गोलीबारी में सेना के पांच जवान शहीदव 15 निर्दोष नागरिकों की मृत्यु तथा 43 लोगों के घायल होने की खबर अत्यंत दुखद व मानवता को शर्मसार करने वाली है। उन्होंने कहा कि यह हमला न केवल भारत की संप्रभुता और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानूनों का उल्लंघन है, बल्कि यह स्पष्ट करता है कि पाकिस्तान किस तरह आम नागरिकों को निशाना बनाकर शांति और सुरक्षा के हर प्रयास को नष्ट करना चाहता है। हमारी संवेदनाएं पीड़ितों के साथ हैं, प्रकृति उन्हें इस असीम दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं। पांचों शहीदों की शहादत को सादर नमन करते है और इस दुःख की इस घड़ी में शहीदों के परिवारजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते है। देश के पांचों वीर शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते है। मां भारती की सेवा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए है। यह देश आप जैसे वीरों का हमेशा ऋणी रहेगा। सत्यव्रत आर्य ने कहा कि भारतीय सेना का शौर्य व पराक्रम पूरे विश्व में अद्वितीय है। हम भारत की तीनों सेनाओं को कोटि कोटि बधाई देते है। नर नारायण सेवा समिति के प्रधान रामसिंह मधुर ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर समिति के महासचिव सत्यवीर मास्टर, कोषाध्यक्ष राजेश शास्त्री, बिजेंद्र सैनी, रविन्द्र कुमार, जगदेव यादव, महेशचन्द शर्मा, धर्मपाल शर्मा, मनीता शर्मा, गीता देवी, नर्मदा, संतोष, पिस्ता देवी, नीलम, सुनीता, लक्ष्मी, अनीता, सुमन कुमारी उपस्थित थी।



नारनौल। शिव मंदिर में हवन करते समिति सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## बालाजी स्कूल के 71 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में पाया स्थान



नांगल चौधरी। स्कूल की टॉपर छात्राएं।

नांगल चौधरी। बालाजी सीनियर सेकेंडरी स्कूल भुंगारका के विद्यार्थियों ने दसवीं कक्षा के परिणामों में शानदार प्रदर्शन किया है। स्कूल के 71 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान हासिल करके ब्लॉक का नाम रोशन किया है। टॉपर रहे विद्यार्थियों को स्कूल के चेयरमैन रामनिवास यादव ने सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि दसवीं की परीक्षा में 79 विद्यार्थी अपीयर हुए थे। जिनमें 95 फीसदी से अधिक अंक लेने वाले 12 तथा 33 विद्यार्थियों ने 90 और 71 को 80 फीसदी से ज्यादा अंक मिले हैं। पायल कुमारी पुत्री पंकज कुमार ने 490, पलक कुमारी पुत्री सुरेंद्र कुमार को 488, रितिक कुमार पुत्र सत्यानंद को 488, साक्षी कुमारी पुत्री भूपसिंह को 486, साधना कुमारी पुत्री विजय सिंह ने 486, पायल कुमारी ने 482, दीपांशु ने 482 व दीपांशु लंबोरा ने 480 अंक हासिल किए हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

## खबर संक्षेप

### छात्रा खुशी ने हासिल किए 486 अंक

**नांगल चौधरी।** विला शिक्षा निकेतन मेघोत हाला के विद्यार्थियों ने दसवीं कक्षा के नतीजों में शानदार प्रदर्शन किया है। सभी विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान पाकर संस्था का गौरव बढ़ाया है। चेयरमैन विजयपाल यादव ने मेधावी विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि खुशी पुत्री धर्मबीर सिंह ने 500 में से 486 अंक हासिल किए हैं। उमाभारती पुत्री महेंद्र कुमार ने 479 अंक प्राप्त करके दूसरा स्थान पाया है। निखिल कुमार पुत्र सत्यपाल 469, मीनू कुमारी पुत्री राधेश्याम को 469 अंक मिले हैं। प्रियंका कुमारी पुत्री कंवर सिंह ने 464, विजय कुमार पुत्र शीशराम ने 459 तथा सानिया पुत्री सुरेश को 459 अंक मिले हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है।

### शिव हाई स्कूल कमानिया का परिणाम सहरानीय

**नांगल चौधरी।** दसवीं कक्षा के नतीजों में शिव हाई स्कूल कमानिया का प्रदर्शन सहरानीय रहा है। शत प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता हासिल करके स्कूल का नाम राशन किया है। संस्था के चेयरमैन अनिल स्वामी ने मेधावी विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि नेहा कुमारी पुत्री पवन कुमार ने 462 अंक हासिल किए हैं। खुशबू कुमारी पुत्री रोशनलाल ने 455, वैशाली पुत्री गोपेश कुमार ने 452, साक्षी कुमारी पुत्री राजेश कुमार ने 444, पुष्पेंद्र कुमार पुत्र वीरसिंह ने 409, अंकित कुमार पुत्र निहाल सिंह ने 396 अंक लेकर परीक्षा को उत्तीर्ण किया।

### श्रीराम स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

**नांगल चौधरी।** शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में श्रीराम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने बाजी मारी है। स्कूल के 74 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान पाकर सहरानीय प्रदर्शन किया है। स्कूल के चेयरमैन एडवोकेट अनिल मांदी ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने के बाद प्रदर्शन में निखार लाने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य धर्मबीर दहिया ने बताया कि छात्रा मुस्कान कुमारी पुत्री बीरसिंह ने 486 अंक हासिल करके स्कूल टॉप किया है। तमन्ना कुमारी पुत्री जिलेसिंह ने 483, शिवानी कुमारी पुत्री देशराज ने 477, सिमरन कुमारी ने 477, नचिता कुमारी पुत्री शीशराम ने 476 व प्रीति कुमारी पुत्री गजराज ने 475 अंक प्राप्त करके शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने बताया कि 95 प्रतिशित से अधिक सात, 90 प्रतिशत से अधिक 17 व 80 प्रतिशत से अधिक 40 विद्यार्थियों ने अंक हासिल किए हैं।

### लंबोरिया एकडमी का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

**नांगल चौधरी।** भिवानी शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित दसवीं कक्षा के नतीजों में लंबोरिया एकेडमी बुढ़वाल का प्रदर्शन शानदार रहा है। स्कूल के सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी परीक्षा उत्तीर्ण करके संस्था का गौरव बढ़ाया है। प्रबंधक निदेशक राजपाल लंबोरा ने मेधावी प्रतिभाओं को स्मृति चिह्न देकर प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि 10वीं की परीक्षा में 32 विद्यार्थी अपीयर हुए थे। अमित कुमार पुत्र अशोक कुमार ने 470 अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया है।

### एबीएम स्कूल का परीक्षा परिणाम शानदार रहा

**नारनौल।** शहर में आजाद चौक के पास स्थित एबीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने उत्कर्ष प्रदर्शन करते हुए दसवीं कक्षा में जिला स्तर पर उच्च परिणाम हासिल किए हैं। विद्यालय परिवार व अभिभावक इस प्रदर्शन से अभिभूत दिखाई दिए। दसवीं कक्षा के 60 विद्यार्थियों में से 38 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए तथा 15 विद्यार्थियों ने मेरिट लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। निकिता ने 451 अंक के साथ प्रथम, हिमांशु 444 अंक के साथ दूसरे तथा 425 अंक प्राप्त कर निशा तृतीय स्थान पर रही। नमन ने 418, सचिन 415, पारस 414, हिमांशु 410 व सान्या ने 409 अंक प्राप्त किए। संस्थापक ने बच्चों को आशीर्वाद दिया।

*रात का तापमान में 28 डिग्री पार पहुंचा, दिन के बाद रात को भी नहीं मिल रहा आराम*

# नौतपा से पहले तप रहा जिला, नारनौल का तापमान 45 डिग्री पहुंचा भीषण गर्मी से आमजन परेशान, 10 बजे के बाद सड़के सूनसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा एनसीआर दिल्ली में आसमान से आग बरस रही है। जिसकी वजह से सम्पूर्ण इलाके लगातार तापमान में उफान देखने को मिल रहा है। झुलसाने वाली गर्मी अपने शबाब पर है। थार रेगिस्तान की तरफ से पश्चिमी उष्ण तीक्ष्ण शुष्क व गर्म हवाओं के आगाज तथा सूर्य देव की चटक चमकदार धूप ने सम्पूर्ण मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में गर्मी ने अपने तेवरों को प्रचंड बना लिया है। वातावरण से धीरे धीरे ये हवाएं नमीं को सोख रही है। सुबह से ही 10 से 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पश्चिम दिशा से धरातलीय हवाएं चलने लगती है, जो दोपहर होते होते उष्ण गर्म हवाओं हीट वेव में तब्दील होकर सम्पूर्ण इलाके में झुलसाने वाली गर्मी का आमजन को अहसास करवा रही है। दोपहर बाद मार्केट व सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। जिससे कर्फ्यू जैसी स्थितियां देखने को मिल रही है। वर्तमान में एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से हल्की बादलवाही भी देखने को मिल रही है, लेकिन आमतौर पर मौसम शुष्क बना हुआ है। पश्चिमी दक्षिणी उत्तरप्रदेश व दिल्ली के आसपास भी एक चक्रवातीय सर्कुलेशन, जो अब कमजोर पड़ कर समाप्त हो गया है। जिससे एनसीआर दिल्ली व पश्चिमी दक्षिणी उत्तरप्रदेश में शनिवार को अंधड़ और हल्की बारिश बूंदाबांदी देखने को मिली थी। एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर 19 मई रात को सक्रिय होने से 20 से 23 मई के दौरान हरियाणा एनसीआर दिल्ली में हल्का बदलाव बादलों की आवाजाही व तेज गति से हवाएं चलने, अंधड़ और बिखराव वाली हल्की बारिश बूंदाबांदी की की संभावना है। इस मौसम प्रणाली से झुलसाने वाली गर्मी के स्थान पर उमसभरी पसीने छुटाने वाली गर्मी से आमजन को रूबरू होना पड़ेगा। इसके 24 मई को अरब सागर पर एक चक्रवातीय तूफान बनने तथा उसके बाद 28 मई को बंगाल की खाड़ी पर भी एक डिप डिप्रेशन या चक्रवातीय तूफान बनने की संभावना बन रही है। जिसकी वजह से सम्पूर्ण उत्तरी भारत पर मौसम में बदलाव की संभावना बन रही है। हालांकि अभी भी यह मौसम प्रणाली अपने ट्रैक को बदल रही हैं। नौतपा की शुरूआत भी 25 मई से शुरू हो रही है, लेकिन आने वाले दिनों में फिर से मौसम में बदलाव की संभावना बन रही है। नौतपा से पहले ही सम्पूर्ण मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर में नौतपा बना हुआ है। सम्पूर्ण इलाके में दिन व रात के तापमान सामान्य से अधिक बने हुए हैं।



नारनौल। भीषण गर्मी के चलते सड़क नजर आई सुनी।

#### अभी राहत नहीं

रविवार को हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर दिन का तापमान 39.0 डिग्री सेल्सियस से 45.0 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया है। हरियाणा एनसीआर दिल्ली में रोहतक का दिन का तापमान 45.3 डिग्री सेल्सियस प्रथम, जबकि नारनौल का दिन का तापमान 45.0 डिग्री सेल्सियस के साथ द्वितीय स्थान पर रहा। वहीं हिसार 44.8 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ तृतीय स्थान पर रहा। हरियाणा में 18 जिलों का तापमान 40.0 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। सम्पूर्ण हरियाणा एनसीआर दिल्ली में रात्रि तापमान में बढ़ोतरी जारी है। हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर रात्रि तापमान 23.0 डिग्री सेल्सियस से 29.0 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। वहीं जिले में नारनौल व महेंद्रगढ़ में दिन तथा रात का तापमान क्रमशः 45.0, 28.5 डिग्री सेल्सियस तथा 42.8 व 27.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। **-डॉ. चंद्र मोहन**, मौसम विशेषज्ञ

### सीवर ओवरफ्लो समस्या का समाधान किए बिना ही अभियांत्रिकी विभाग भेज रहा मैसेज

# चांदुवाड़ा में बहते सीवर की राजेश 3 बार कर चुके शिकायत, अब अपीलेंट अथोरिटी में होगी सुनवाई

हरिभूमि न्यूज नारनौल

सीवर की देखरेख करने वाले जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ खड़े हुए हैं, क्योंकि विभाग की ओर से शहर में ओवरफ्लो होते सीवरों की समस्या के समाधान के उपभोक्ताओं के पास झूठे मैसेज भेज जा रहे हैं, जबकि समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। इससे लोगों का विश्वास इस विभाग से उठने लगा है और लोगों में इस कार्यप्रणाली के प्रति रोष पनपने लगा है। इससे विभाग की जनता की नजरों में भारी किरकिरी हो रही है।

हुआ यूं की नारनौल शहर में वैसे तो ओवरफ्लो सीवर की समस्या लंबे समय से बनी हुई है और अब यह नासूर बन चुकी है। एक ऐसी ही नासूर बन चुकी चांदुवाड़ा के ओवरफ्लो सीवर की समस्या की शिकायत विभाग के चंडीगढ़ के सरकारी नंबरों पर मोहल्ला धौलियान निवासी राजेश कुमार ने की थी। बार–बार समस्या की शिकायत करने पर समाधान तो नहीं किया गया, लेकिन विभाग के अधिकारियों ने समाधान के बार–बार मैसेज जरूर भेज दिए।

पीड़ित राजेश कुमार ने बताया कि उसने चांदुवाड़ा में एक दुकान की हुई है। यहां डा. नरूला के घर के सामने सीवर लगभग हमेशा ही ओवरफ्लो होकर बहता रहता है। इसकी शिकायत उन्होंने चंडीगढ़ के सरकारी नंबरों पर गत 12 अप्रैल 2025 को की थी, जिस पर उसे शिकायत नंबर 866409 मिला, लेकिन विभाग द्वारा समाधान किए बगैर ही उसके मोबाइल पर समस्या हल करने का मैसेज भेज दिया गया, जबकि समस्या ज्यों की त्यों बनी है। कमाल की बात यह है कि पुनः शिकायत की गई, जिस पर उसे नया शिकायत नंबर:875044 दे दिया गया। नंबर बदलने पर राजेश कुमार ने ऐतराज जताया और वही पहले वाला नंबर मांगा। दो समस्या समाधान नहीं होने पर मामला अपीलेंट अथोरिटी के पास चला जाता है और अपील नंबर:एए5251151815 दिनांक:09 मई 2025 में चला गया। राजेश ने बताया कि उन्होंने इस सीवर बाबत विभाग के जेई आकाश यादव से कई बार संपर्क किया है, लेकिन समाधान नहीं हो रहा।







नारनौल। चांदुवाड़ा में बहता सीवर व दूसरे सीवर की वह जगह जिसे खोदने के बाद भरा गया। फोटो: हरिभूमि

#### सड़क भी तोड़ी, समाधान नहीं

यहां बता दें कि सीवर में रूकावट मानते हुए करीब दो माह पहले जनस्वास्थ्य विभाग ने रेवाड़ी रोड पर बस स्टैंड से थोड़ा आगे जिला पुस्तकालय के सामने आहुजा अस्पताल की तरफ लगभग 100–150 मीटर में नेशनल हाईवे 11 को तोड़ा था और लगभग 20 फुट गहराई में दबी लाइन को ठीक करने का प्रयास किया था, लेकिन समाधान फिर भी नहीं हुआ। शहर के सीवर अनेक जगह से बार–बार ओवरफ्लो होते ही रहते हैं। परेशानी की बात यह है कि जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने जिस हिस्से में सड़क तोड़ी थी, वहां सड़क बनवाने की बजाए सीमेंट के चौके डलवा दिए, जो परेशानी का सबब बने हुए हैं। इस सड़क को तोड़ने के पैसे जनस्वास्थ्य विभाग ने जमा करवाए, लेकिन पीडब्ल्यूडी ने काली तारकोल की सड़क बनाने की बजाए सीमेंट के चौके बिछा दिए।

#### यह बोले अधिकारी:

जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कनिष्ठ अभियंता आकाश यादव ने स्वीकार किया कि चांदुवाड़ा में सीवर समस्या है। उन्होंने बताया कि यहां बीएसएनएल ने लाइन दबा रखी है, जिससे सीवर लाइन डैमेज हैं। इन्हें ठीक करने के लिए सीमेंट की सड़क तोड़नी होगी, जिसके लिए नगर परिषद से अनुमति मांगी गई है। शीघ्र समाधान के प्रयास किए जा रहे हैं।

#### विभाग की कोशिश नाकाम

यहां गौर करने वाली बात यह है कि समस्या समाधान के लिए विभाग ने प्रयास तो किए और इन्हीं प्रयासों के चलते बहादुर सिंह तालाब के नजदीक चांदुवाड़ा रोड पर चाय एवं बैंडवालों की दुकान के सामने दूसरे सीवर को दो बार खोदा गया और दोनों बार ही बंद कर दिया गया, मगर समाधान फिर भी नहीं हुआ। ऐसा कर विभाग ने समस्या से मुंह फेर कर इतिश्री कर ली।

### नेशनल मॉडल स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत



महेंद्रगढ़। खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

महेंद्रगढ़। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी फहराया परचम। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। छात्रा नीतू ने 97.4 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, दुष्यंत ने 96.4 अंक लेकर द्वितीय व छात्र पूर्व 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। छात्रा नीतू व छात्र दुष्यंत ने गणित विषय में 100 अंक प्राप्त किए। प्राचार्य ओमप्रकाश यादव ने बताया कि नेशनल मॉडल स्कूल में श्रेष्ठतम परिणाम देने की अपनी परंपरा को कायम रखते हुए इस बार भी सराहनीय परिणाम दिया हैं। विद्यालय के 19 विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय मेरिट प्राप्त की है। विद्यालय की विशेष बात यह है कि हम बच्चों को ट्यूशन न करने की सलाह देते हुए कक्षा-कक्ष में ही जी तोड़ मेहनत करने के लिए अध्यापकों व विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हैं। शिक्षा के साथ-साथ संस्कार देने में तो इस विद्यालय का कोई सानी ही नहीं है। विद्यालय अध्यक्ष प्रमोद शास्त्री ने इस उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए विद्यार्थियों, अध्यापकों, अभिभावकों को साधुवाद दिया।

### अभिभावक बच्चों की प्रगति में बराबर के भागीदार बने



नारनौल। बैठक में भाग लेते अध्यापक अभिभावक।

**नारनौल।** शहर में कुलताजपुर रोड स्थित बीपीएस स्कूल में अध्यापक-अभिभावक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें 832 अभिभावकों ने अपने होनहारों की प्रगति रिपोर्ट प्राप्त की। एक स्वास्थ्य वातावरण में विषय अध्यापकों के साथ बैठकर बच्चों की प्रगति की भविष्य की रणनिति बनाई। सभी अभिभावकों ने अपने बच्चों के साथ-साथ अध्यापकों से अपने कमजोर व मजबूत पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। सभी विषय अध्यापकों ने बच्चों व अभिभावकों के सुझावों को खुले दिल से स्वीकार किया और उन पर अतिशीर्घ काम करने के लिए आश्वस्त किया। संस्था चेयरमैन नरेश कुमार संघी व सचिव किशन चौधरी एडवोकेट ने भी अभिभावकों से विद्यालय प्रगति के लिए सुझावों पर परामर्श किया व उन पर अमल करने का आश्वासन दिया। संस्था प्रिंसिपल उदयभान राव ने अध्यापक-अभिभावक सभा को सफल बनाने वं सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए उनका धन्यवाद करते हुए कहा कि आपके द्वारा सुझाए गए बिंदुओं पर गंभीरता

### आरती 97.4 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में रही प्रथम



महेंद्रगढ़। विजय चिह्न बनाकर खुशी जाहिर करते हुए। फोटो: हरिभूमि

**महेंद्रगढ़।** राव सुल्तान सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल निम्बहेड़ा के विद्यार्थियों का हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। छात्रा आरती पुत्री ईश्वर सिंह निम्बहेड़ा ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, मधु पुत्री विनोद कुमार निम्बहेड़ा ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा व सारिका पुत्री नरेश कुमार बलायचा ने 94.8 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य राजकुमार शर्मा ने बताया कि विद्यालय के 30 बच्चों ने 90 प्रतिशत व 40 बच्चों ने 80 प्रतिशत अंकों के साथ

### जय अंबे मां स्कूल की कोमल को मिले 491 अंक





नांगल चौधरी। मेधावी प्रतिभाओं को सम्मानित करते चेयरमैन सुरेश बंसल।

**नांगल चौधरी।** शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित हुए दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में जय अंबे मां उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों का प्रदर्शन अव्वल रहा है। शत प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता हासिल करके संस्था और अभिभावकों का गौरव बढ़ाया है। संस्था के चेयरमैन पारस बंसल ने मेधावी विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न देकर प्रोत्साहित किया। व्यवस्थापक सुरेश बंसल ने बताया कि स्कूल के 77 विद्यार्थी दसवीं कक्षा की परीक्षा में बैठे थे। जिनमें छात्रा कोमल कुमारी पुत्री रामस्वरूप ने 500 में से 491 अंक हासिल करके जिला लेवल पर दूसरा तथा नांगल चौधरी तहसील में प्रथम स्थान पाया है। रचिता कुमारी पुत्री पतराम ने 485, दीपिका कुमारी पुत्री लक्ष्मण ने 483, प्रियंका कुमारी पुत्री पूर्णमल ने 483, कोमल बंसल पुत्री संदीप बंसल ने 480, प्रिया कुमारी ने 473 अंक प्राप्त करके अव्वल प्रदर्शन किया है। उन्होंने बताया कि पांच विद्यार्थियों ने 95 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। 21 को 90 फीसदी से ज्यादा तथा 48 को 80 फीसदी से अधिक अंक लेकर संस्था का नाम रोशन किया है।



नारनौल। पीटीएम में भाग लेते अध्यापक व अभिभावक।

### एचपीएस स्कूल में पीटीएम आयोजित

**नारनौल।** नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल में रविवार को अध्यापक अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से 12वीं तक सभी विद्यार्थियों के हाल ही में हुए यूनिट टेस्ट के बारे में अभिभावकों ने अध्यापकों से चर्चा कर अपने अपने बच्चों के बारे में जानकारी हासिल की। विद्यालय प्राचार्य सुनील यादव व डीन मनोज भारद्वाज ने बताया कि अध्यापक अभिभावक सम्मेलन के दौरान सैकड़ों की संख्या में अभिभावकों ने अपने बच्चों की शिक्षा से संबंधित वार्तालाप अध्यापकों के साथ समझा किए। उन्होंने कहा कि समय समय पर विद्यालय में अध्यापक अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया जाता है, ताकि अभिभावकों को समय समय पर अपने बच्चों की शिक्षा से संबंधित समस्याओं के बारे में अवगत करवाया जाए तथा बच्चों को आ रही पढ़ाई से संबंधित समस्याओं का निवारण समय पर किया जा सकें। विद्यालय में पधारे अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन व विद्यालय के शैक्षणिक स्तर के बारे में प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यालय अपने विद्यार्थियों को समुचित शिक्षा के साथ साथ संस्कार व संस्कृती का भी ज्ञान उपलब्ध करवाता है। खेलकूद संबंधी सुविधा व उचित मार्गदर्शन भी बच्चों को उपलब्ध करवाया जाता है। इस मौके पर विद्यालय एमडी डॉ. हितेश वर्मा, निधि वर्मा व निदेशक पुष्करमल वर्मा आदि मौजूद थे।

## न्याय यात्रा का ग्रामीणों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

अटेली विधानसभा क्षेत्र की अधर में लटकी विकास योजनाओं को पूरा करने की मांग को लेकर बसपा नेता अतरलाल एडवोकेट की ओर से निकाली जा रही अटेली न्याय यात्रा का बास, बिहाली, सैदपुर, नीरपुर, नांगल, पृथीपुरा, तोबड़ा व फतेहपुर में पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूल मालाओं व भारत मा की जय, अटेली से भेदभाव बंद करो के जयकारों से स्वागत किया। इस अवसर पर अतरलाल ने कहा कि राज्य सरकार ने दस वर्ष पहले अटेली को उपमंडल तथा दौंगड़ा अहीर को उपतहसील बनाने का वायदा किया था, लेकिन अभी तक वादा अधूरा पड़ा है। अटेली उपमंडल न बनने के कारण लोगों को रोजमर्रा के कार्यों के लिए 40 किलोमीटर दूर नारनौल जाना पड़ता है। अटेली तथा कनीना के सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों, दवाईयों, लैब व जांच संसाधनों के अभाव के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने राज्य सरकार से अटेली तथा कनीना के सरकारी अस्पतालों को फर्स्ट रेफरल यूनिट का दर्जा देने, क्षेत्र में आईएमटी स्थापित करने, खेल विश्वविद्यालय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बहुउद्देशीय खेल स्टेडियम बनाने तथा लेबर ऑफिस खोलने की मांग की। शेरसिंह यादव, भागसिंह चेयरमैन, राकेश यादव, कैलाश सेठ, दानसिंह प्रजापत ने भी संबोधित किया। न्याय यात्रा में अजीत, सुमेर सिंह, शेरसिंह, कृष्ण सिंह, किशनलाल, रोहताश पूर्व सरपंच, मोहनपाल, धर्मबीर यादव, गोविन्द प्रसाद, बाबूलाल, रामकिशन यादव, रामपाल यादव, देशराज, बिल्लू ठेकेदार, हनुमान, चंदगीराम आदि ने योगदान दिया।



नारनौल। अटेली न्याय यात्रा का स्वागत करते ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

### यूपीएससी उत्तीर्ण करने उपरांत गांवों में पहुंची पूनम कसाना का स्वागत

# लक्ष्य बनाकर मेहनत करने से मिलती है सफलता

- बासियाल की बेटी पूनम कसाना ने यूपीएससी में 485वीं रैंक हासिल की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

देश में झुन्झुनू जिले का नाम रोशन करने वाली गांव बासियाल की बेटी पूनम कसाना का महेन्द्रगढ़ जिले में आगमन पर गांव नांगल दर्गू, इस्लामपुरा के केएल मेमोरियल स्कूल तथा निजामपुर में स्व. ताऊ देवीलाल चौक पर फूलमालाएं व पगड़ी पहनाकर भव्य स्वागत किया। खेतड़ी तहसील के गांव बासियाल की बेटी पूनम कसाना ने यूपीएससी में 485वीं रैंक हासिल की है। जिसके बाद पूनम कसाना को बधाई देने वाला का तांता लगा हुआ है। रविवार को महेन्द्रगढ़ जिले के स्व. ताऊ देवीलाल चौक पर पंहुचने पर पूनम कसाना का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। पूनम कसाना के चौक पर पहुंचने पर गांव कारोली निवासी समाज सेवी संतोष कुमार खटाणा, विजय मास्टर, रोहताश पटेल, झाबर, कृष्ण खटाणा, महावीर व नरेन्द्र थानेदार द्वारा फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। इसके साथ पूनम के पिता का भी फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। पूनम कसाना ने सम्मान समारोह में पहुंचे सभी लोगों का धन्यवाद किया।

लोगो को संबोधित करते हुए पूनम कसाना ने कहा कि उनकी सफलता पूरा श्रेय उनके दादा, परिवार व गुरुजनों का जाता है, जिन्होंने हर समय साथ दिया।

पूनम ने कहा किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए गुरुजनों का मार्गदर्शन व अनुशासन बहुत जरूरी होता है। अगर हम अपने लक्ष्य को लेकर काम करते हैं तो उसमें सफलता अवश्य मिलती है।



नारनौल। ग्रामीणों के बीच मौजूद पगड़ी पहने पूनम कसाना। फोटो: हरिभूमि

#### ग्रामीण मौजूद रहे

इस मौके पर समाजसेवी संतोष खटाणा ने कहा कि हमारी बेटी ने 485वीं रैंक प्राप्त करके न अपने गांव बल्कि जिले का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर बिशंबर खटाणा, मुकेश, संजय, सरजीत के साथ अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### संत ठाकूर दास स्कूल का परिणाम शानदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित दसवीं कक्षा की परीक्षा परिणाम में संत ठाकूर दास सीनियर सेकेंडरी स्कूल का प्रदर्शन शानदार रहा है। स्कूल के आठ विद्यार्थियों ने 90 फीसदी से अधिक अंक लेकर संस्था का गौरव बढ़ाया है। मेधावी प्रतिभाओं को चेयरमैन बस्तीराम यादव ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि छात्रा समीक्षा कुमारी पुत्री देशराज ने 98 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल टॉप किया है। रचना कुमारी पुत्री सुगनचंद ने 88.20, अंकिता कुमारी पुत्री बलवंत ने 89, प्रिया कुमारी पुत्री सुनील कुमार ने 92, चंचल कुमारी पुत्री शिंभूदयाल ने 92, अन्नू कुमारी पुत्री मालाराम ने 90, चिंकी कुमारी पुत्री मालाराम ने 96 प्रतिशत अंक हासिल किए। उन्होंने बताया कि स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है।

## खबर संक्षेप

### ब्रेन हेमरेज से व्यक्ति की मौत

**नारनौल।** सीमावर्ती बुहाना तहसील के गांव सहड़ में करीब 45 वर्षीय विजयपाल पुत्र कृपाल सिंह की ब्रेन हेमरेज के कारण अकाल ही मौत हो गई। नागरिक अस्पताल आए परिजनों ने बताया कि विजयपाल की शाम को करीब साढ़े आठ बजे अचानक तबीयत खराब हुई थी, जिस पर उसे तत्परता से नारनौल के निजी अस्पताल लाया गया। वहां से चिकित्सकों ने रेवाड़ी रेफर कर दिया। रेवाड़ी वालों ने भी हाथ खड़े कर दिए तो उन्हें जयपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जवाब दे दिया। वापस जब उन्हें नारनौल लाया गया तो विजयपाल ने दम तोड़ दिया। विजयपाल खेतीबाड़ी करता था और उसके तीन बच्चे हैं।

### रामबास स्कूल की कंप्यूटर लैब में चोरी

**नारनौल।** राजकीय उच्च विद्यालय रामबास की कम्प्यूटर लैब में चोरों ने सामान की चोरी कर ली। हैडमास्टर ने इसकी सदर पुलिस में शिकायत देकर कार्रवाई करने की मांग की है। राजकीय उच्च विद्यालय के मुख्याध्यापक हरमेश कुमार ने बताया कि रामबास (हसनपुर) स्कूल में हेडमास्टर लगा हुआ है तथा डीडीओ की पॉवर भी रखते हैं। 16 मई को प्रातः करीब पौने आठ बजे विद्यालय पहुंचने पर देखा कि कंप्यूटर लैब का दरवाजा टूटा हुआ है तथा वहां से की-बोर्ड, माउस, प्रिंटर एवं प्रोजेक्टर आदि गायब मिले।

### मारूति सर्विस सेंटर से गाड़ी पार्ट्स चोरी

**कनीना।** कनीना में मारूति के सर्विस सेंटर से कुछ पार्ट्स की चोरी होने के संदर्भ में संचालक ने थाना में शिकायत दर्ज कराई है। इस बारे में अनिल वासी प्राणपुरा ने सिटी थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 15 मई रात्रि स्विफ्ट कार से कंप्रेसर, कंडेन्सर आदि नामालुम व्यक्ति चोरी कर ले गया। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

### डॉ. सीएस वर्मा 'प्रभाकर' कलानिधि अवॉर्ड से विभूषित

**मंडी अटेली।** शिक्षाविद साहित्यकार डॉ. सीएस वर्मा'प्रभाकर' को रविवार को कोबरा आर्ट जॉन रेवाड़ी की ओर से कलानिधि सम्मान से विभूषित किया गया। रविवार को ब्रह्मगढ़ रेवाड़ी में आयोजित प्रतिभा सम्मान एवं अभिनंदन कार्यक्रम में डॉ. वर्मा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त चित्रकार सतीश राजोतिया ने डॉ. वर्मा के साहित्यिक एवं शैक्षिक योगदान की सराहना की।

# मेडिकल कॉलेज नामकरण पर भाजपा में राजनीति, रैली में सांसद ने उठाया मुद्दा तो सीएम ने दिया जवाब

**महेंद्रगढ़ विधानसभा में विधायक कंवरसिंह की रैली 'धन्यवाद कार्यक्रम' में भाषणों में आया मेडिकल कॉलेज नामकरण का मुद्दा**



नारनौल। मेडिकल कॉलेज कोरियावास। फोटो :हरिभूमि

सतीश सैनी ▶▶| नारनौल

*मेडिकल कॉलेज के नामकरण को लेकर भाजपा में अंदरूनी राजनीति शुरू हो गई है। एक पक्ष मेडिकल कॉलेज का नाम शहीद राव तुलाराम के नाम से करने की मांग पर अड़ा है। इस कारण ग्रामीण कई दिनों से धरने पर बैठे है। वहीं दूसरा पक्ष सरकार की ओर से कॉलेज का नाम महर्षि च्यवन के नाम से करने के एक साल बाद अब राजनीति होने की बात कह रहा है। यह मुद्दा महेंद्रगढ़ रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सामने सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने उठाया। सांसद ने मेडिकल कॉलेज का नाम शहीद राव तुलाराम रखने की बात भाषण में कहीं।*

*इसके बाद जब सीएम की बारी आई तो भाषणों में पहले महर्षि च्यवन और बाद में शहीद राव तुलाराम की महिमा का बखान किया। सांसद व सीएम दोनों के इस मुद्दे पर दिए गए भाषणों को आमजन अपने अपने तरीके से मंथन कर रहा है।*

### यह बोले सांसद

मेडिकल कॉलेज का नामकरण पर यह बोले सांसद सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने कहा कि यह दक्षिणी



हरियाणा है। इसी जिले में राव तुलाराम के नेतृत्व में 1857 की लड़ाई लड़ी गई थी। नारनौल के नसीबपुर मैदान में उस वक्त 5000 सैनिकों ने कुर्बानी दी थी। आज हम पूरे देश वासी सैनिकों का सम्मान कर रहे है। देश में सेना की बात करें तो सबसे ज्यादा इसी क्षेत्र से सैनिक है। यह क्षेत्र सैनिकों के नाम से जाना जाता है। इसलिए माननीय मुख्यमंत्री मेरी आपसे विनती है कि यह राव तुलाराम की धरती है। इसलिए मेडिकल कॉलेज का नाम शहीद राव तुलाराम के नाम से जरूर रखना। यह कहते ही नांगल चौधरी से विधायक रहे एवं पूर्व सिंचाई मंत्री डा. अभय सिंह यादव बोतल खोलकर पानी पीने लगे।

### यह है मामला

प्रदेश में भाजपा की मनोहर सरकार ने हर जिला में एक मेडिकल कॉलेज बनाने की घोषणा की। इसके बाद 23 दिसम्बर 2018 को कोरियावास में नांगल चौधरी विधायक डा. अभयसिंह यादव ने विशाल रैली रखी। इस रैली में आए मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास भी किया। शिलान्यास के 42वें दिन डा. अभय सिंह यादव ने कॉलेज की ढाई किलोमीटर लंबाई वाली चारदीवारी की नींव रखी। इसके बाद कोविड काल आने की वजह से निर्माण कार्य में देरी हुई और एक लंबे समय के बाद करीब 700 करोड़ में मेडिकल कॉलेज तैयार हुआ। जिसका नाम मनोहर सरकार ने 16 मार्च 2023 को मेडिकल कॉलेज कोरियावास का नामकरण महर्षि च्यवन करने की स्वीकृति दी और माननीय राज्यपाल ने स्वीकृति मिलने के बाद 12 फरवरी 2024 को गजट के माध्यम से इसे अधिसूचित भी कर दिया गया। अब लगभग एक माह पहले इसी नामकरण को लेकर कोरियावास के ग्रामीणों ने ओपन विरोध जताना शुरू कर दिया है। यह ग्रामीण चाहते है कि मेडिकल कॉलेज का नाम महर्षि च्यवन की बजाय शहीद राव तुलाराम हो। अभी ग्रामीणों का धरना निरंतर जारी है। इसी बीच एक मई को मेडिकल कॉलेज में ओपीडी शुरू होने को जो प्रेस विज्ञप्ति स्वास्थ्य मंत्री आरती राव की तरफ से आई, उसमें भी मेडिकल कॉलेज का नाम महर्षि च्यवन के नाम से ही अंकित था।

## नामकरण की राजनीति में सीएम का संदेश



*धन्यवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मुझे खुशी है यहां से लगभग 30 किलोमीटर की दूरी पर ही महेंद्रगढ़ की इस पवित्र भूमि से ढोसी की पहाड़ी पर स्थित उस तपोभूमि महर्षि च्यवन ने जो तपस्या करके आयुर्वेद को नई दिशा दी थी। उन्होंने हजारों वर्ष पूर्व शरीर और मन दोनों को साधने की विद्या दी थी। मैं उस तपोभूमि को नमन करता हूं। प्रणाम करता हूं। इसके बाद उन्होंने कहा कि मुझे यह खुशी है यह भूमि सैनिकों की खान भी है। यहीं से 20 किलोमीटर की दूरी पर नसीबपुर में युद्ध भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा हुआ है। जब 1857 में जब अंग्रेज अपने जुलमों से पूरे भारत को कसने की कोशिश की थी, तभी इसी भूमि के यौद्धा राव तुलाराम जी, जो ब्रिटिश सरकार की नींद हराम कर दी थी। मैं ऐसी पवित्र धरा बार बार नमन करता हूं। वंदन करता हूं। यहां के वीर सपूतों ने सदा देश का गौरव ऊंचा किया है। जहां 1962 की लड़ाई हो, चाहे 1965 की लड़ाई हो। चाहे 1972 की लड़ाई हो चाहे 1999 का युद्ध हो। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर हो।*

# कॉलेज में दाखिले के लिए आज से खुलेगा पोर्टल, ऑनलाइन करना होगा आवेदन

**महेंद्रगढ़ के 14 कॉलेजों में बारहवीं पास छात्र-छात्राएं दस हजार सीटों के लिए कर सकते हैं आवेदन**

राजकुमार ▶▶| नारनौल

12वीं कक्षा उत्तीर्ण कर चुके विद्यार्थियों का स्वागत करने के लिए कॉलेज तैयार हैं। इस स्वागत के तहत कॉलेज उन्हें स्नातक प्रथम वर्ष में एडमिशन देंगे और यह एडमिशन प्रक्रिया 19 मई से ऑनलाइन शुरू हो जाएगी। उच्चत्तर शिक्षा निदेशालय की ओर से दाखिले संबंधित सभी दिशा–निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि जिले में इस समय 14 सरकारी कॉलेज खुले हुए हैं, जिनमें छात्र–छात्राएं एडमिशन के लिए आवेदन कर सकते हैं। इनमें लगभग 10 हजार सीटें विभिन्न संकाय की निर्धारित हैं। विद्यार्थी अपना ऐच्छिक संकाय चुनकर उनमें एडमिशन के लिए 19 मई से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। गाइडलाइन के अनुसार प्रत्येक छात्र ऑनलाइन आवेदन करते समय सभी बिंदुओं को सोच समझ कर सामने ही भरें। यदि आवेदन प्रक्रिया में उन्हें कुछ समझ नहीं आ रहा हो तो वे रेलवे रोड राजकीय महाविद्यालय नारनौल में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक स्थापित की गई हेल्प डेस्क से जानकारी ले सकते हैं। बता दें कि ऑनलाइन आवेदन करते समय छात्र द्वारा की गई किसी भी गलती का बाद में सुधार होना मुश्किल हो जाता है। आवेदन करते समय थोड़ी सी भी गलती के कारण नाम लिस्ट में नहीं आ पाता है।




नारनौल। राजकीय महाविद्यालय। फोटो : हरिभूमि

### नई शिक्षा नीति के तहत होंगे एडमिशन

कॉलेजों में अब एडमिशन नई शिक्षा नीति के तहत होगा। नई शिक्षा नीति के कुछ विषयों को दूसरे विषयों में मर्ज किया गया है। कुछ विषयों का नाम भी बदला गया है। इसमें अब मेडिकल की पढ़ाई करने के इच्छुक विद्यार्थियों को बीएससी मेडिकल के स्थान पर बैचलर ऑफ साइंस इन लाइफ साइंस विषय को चुनना होगा। इसी प्रकार नान मेडिकल लेने वाले विद्यार्थियों को बीएससी नॉन मेडिकल के स्थान पर बैचलर ऑफ साइंस इन फिजिकल साइंस विषय का चयन करना होगा। यही नहीं, बीएससी कंप्यूटर साइंस कोर्स को अब बैचलर ऑफ साइंस इन फिजिकल साइंस विषय में मर्ज किया गया है, जो कि अब विद्यार्थियों को ऑनलाइन आवेदन करते समय कोर्स सूची में देखने को नहीं मिलेगा। इसी प्रकार मेडिकल साइंस व नॉन मेडिकल विषय भी सूची में दिखाई नहीं देंगे। इस प्रकार कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई करने के इच्छुक विद्यार्थियों को भी यह विषय चुनना होगा।

### एससी कैटेगरी को बांटा दो भागों में

हरियाणा में अनुसूचित जाति का आरक्षण अब दो अलग–अलग कैटेगरी में विभक्त कर दिया गया है, जबकि पिछले साल तक केवल एससी कैटेगरी ही होती थी, लेकिन नई सरकार द्वारा एससी कैटेगरी को भी दो भागों में बांट दिया गया है। इसमें एससी व डीएससी कैटेगरी बनाई गई है। छात्र आवेदन करते समय कैटेगरी प्रमाण भी ठीक से भरें। इसके अलावा खेल व अन्य प्रमाण पत्रों को भी महत्व दिया गया है। इसलिए जिस छात्र के पास ऐसे दस्तावेज हों, वे उसे सावधानीपूर्वक अवश्य भरें।

### यह दिया है लिंक

*विद्यार्थी स्नातक प्रथम वर्ष में दाखिला के लिए दिए गए लिंक पर जाएं। यह लिंक एचटीटीपीएस://एडमिशन्स डॉट हायर एजु एचआरवाई डॉट एसी डॉट इन होगा, जिसे ओपन करके विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रत्येक छात्र को 100 रुपये रजिस्ट्रेशन फीस के रूप में अदा करने होंगे। एडमिशन में मूल प्रमाण पत्रों के अलावा परिवार पहचान पत्र यानि फैमिली आईडी की भी आवश्यकता होगी।*

### यह कहते हैं एडमिशन इंचार्ज



*उच्चत्तर शिक्षा विभाग ने यूजी कोर्स में दाखिला के लिए ऑनलाइन आवेदन करने संबंधित निर्देश जारी किए हैं। 19 मई से ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल खुलेगा। इसके बाद विद्यार्थी यूजी कोर्स के लिए आवेदन कर सकते हैं। विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन करते समय अपनी सभी जानकारी को सही प्रकार से भरें। विद्यार्थी यदि कोई छूट संबंधित दस्तावेज लगाता है तो उसे दाखिला कमेटी के समक्ष प्रस्तुत करें, ताकि नियमानुसार उसे दाखिला मिल सके। आवेदन करते समय किसी भी प्रकार की परेशानी हो तो छात्र महाविद्यालय में बनाई गई हेल्प डेस्क से जानकारी ले सकता है। -**डॉ. सतीश सैनी, एडमिशन नोडल अधिकारी, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नारनौल***

## रोडवेज बस के चालक-परिचालक पर तलवार से जानलेवा हमला

■ नारनौल से चंडीगढ़ जा रही रोडवेज बस के चालक व परिचालक पर 15 मई को जीरकपुर में आरोपितों ने किया था हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

रोडवेज बस के चालक-परिचालक पर तलवार से हमला करने की घटना को लेकर रोडवेज कर्मचारी यूनियन ने कड़ा एतराज जताया है। इस बारे में रोडवेज चालक संघ नारनौल के पूर्व जिला प्रधान जितेंद्र कुमार ने बताया कि 15 मई को दोपहर के समय हरियाणा रोडवेज की बस चंडीगढ़ जा रही थी। बस जीरकपुर पहुंचकर सवारी उतारकर चलने ही वाली थी कि पीछे से आए बाइक सवारों ने गाली-गलोच करते हुए बस चालक व परिचालक को भला बुरा कहते हुए बस में चढ़कर उन पर वार कर दिया।

बताया जा रहा है कि बाइक सवार ने साईड को लेकर ऐतराज जताते हुए चालक अमित कुमार व परिचालक हिम्मत पर तलवार से हमला बोल दिया। पीछे से उनके साथ तीन-चार अन्य व्यक्ति आए तथा उन्होंने भी बस में चढ़कर उनसे मारपीट की। इस घटना में रोडवेज कर्मचारी घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। उन्होंने बताया कि मामूली सी बात पर आरोपित बलविंद्र सिंह व उसके साथियों ने रोडवेज कर्मचारियों पर जानलेवा हमला कर गंभीर अपराध किया है। घायल परिचालक हिम्मत की ओर से जीरकपुर थाना में शिकायत दर्ज कराई गई है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिससे रोडवेज कर्मचारी यूनियन में आक्रोश पनप रहा है। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष की ओर से पूरे मामले पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने मारपीट करने के आरोपित बलविंद्र सिंह व उसके साथियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग की है।



कनीना। बस में चढ़कर रोडवेज कर्मचारियों पर तलवार से हमला करते आरोपित।

### क्या कहते है थाना इंचार्ज

इस बारे में जीरकपुर थाना इंचार्ज गगनदीप सिंह ने बताया कि रोडवेज कर्मचारियों व बाइक सवार दोनों की ओर से शिकायत मिली है। घायल रोडवेज चालक हिम्मत के बयान कलमबद्ध किए गए है। दोनों शिकायतों में लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है। जांच में दोषी पाए जाने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## हम राम को मानते हैं, लेकिन राम की बात नहीं मानतेः डा. राम अवतार शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सर्व समाज के सदस्यों को धर्मलाभ व धार्मिक चेतना प्राप्त करने के उद्देश्य से श्री गौड़ ब्राह्मण सभा द्वारा रविवार को शहर के तालाब बहादुरसिंह रोड स्थित सीताराम पैलेस में जहां-जहां पग धरे श्रीराम ने विषय पर वृतचित्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रामायण परिपथ पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार व ट्रस्टी श्री राम सांस्कृतिक शोध न्यास अयोध्या के अध्यक्ष डॉ. राम अवतार शर्मा रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी डॉ. मनीष शर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गौड़ ब्राह्मण सभा के प्रधान राकेश मेहता एडवोकेट ने की। कार्यक्रम में पहुंचे शहर की विभिन्न संस्थाओं के सदस्यों को श्री सीताराम के चरण चिह्न का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके बाद भगवान राम के भारत देश और विदेशों मे स्थित 291 चिह्न, जो इतिहास व विज्ञान से प्रमाणित हैं, पर आधारित डोक्यूमेंट्री प्रदर्शित की गई। मुख्य अतिथि डॉ. राम अवतार शर्मा ने कहा कि हम राम को मानते हैं यह सही है, लेकिन राम की नहीं मानते हैं।



नारनौल। जनसमूह को संबोधित करते डा. राम अवतार शर्मा। फोटो : हरिभूमि



नारनौल। डिजिटल फ्रॉड के बारे में जागरूक करते हुए।

### युवाओं को डिजिटल फ्रॉड से बचाने की पहल

**नारनौल।** युवा साथी ग्रुप हरियाणा व उड़ान जनसेवा ट्रस्ट ढाणी बाठोठा के सदस्य अर्पित ने नांगल चौधरी के कॉलेज विद्यार्थियों को डिजिटल साइबर फ्रॉड से बचाव के महत्वपूर्ण तरीके बताए। यह जागरूकता कार्यक्रम युवाओं को ऑनलाइन धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों जैसे फिशिंग, स्पूफिंग और ऑनलाइन घोटालों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे धोखेबाज नकली वेबसाइटों, ईमेल और सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से व्यक्तिगत व वित्तीय जानकारी चुराने की कोशिश करते है। छात्रों को मजबूत पासवर्ड बनाने, संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने और अपनी निजी जानकारी किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करने की सलाह दी।

## नपा चेयरपर्सन ने की स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

नगर पालिका चेयरपर्सन डॉ. रिंपी लोढा ने अटेली हलके की विधायक एवं प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव से उनके चंडीगढ़ कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कनीना नपा क्षेत्र व अटेली हलके की विभिन्न विकास योजनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। नपा चेयरपर्सन ने आरती सिंह राव से कहा कि लगातार बढ़ते यातायात दबाव के कारण महेंद्रगढ़ कनीना कोसली स्टेट हाईवे नम्बर 24 छोटा पड़ रहा है। तत्काल इस मार्ग को फोरलेन करने की अहम आवश्यक्ता है। इसके साथ साथ कनीना में लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए बाईपास की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कनीना में कंडम हो चुके बस स्टैंड भवन को गिराने के बाद उसका पुनर्निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है। जिससे यात्रियों को भीषण गर्मी में अस्थाई टीनशेड के नीचे रहकर बसों का इंतजार करना पड़ रहा है। डीएवी इंजीनियरिंग कॉलेज के नाम पट्टे पर दी गई 58 एकड़ भूमि विवाद का समाधान करने को कहा। इस भूमि पर बने भवन में वर्तमान समय में न तो डीएवी इंजीनियरिंग कॉलेज संचालित है और न ही पब्लिक स्कूल। भवन भी समयानुसार कंडम होने के कगार पर है।



कनीना। प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव से मुलाकात करती नपा चेयरपर्सन डॉ. रिंपी लोढा।

### ढाणी किरारोद एवं भूषण खुर्द के मकान से सोने-चांदी के आभूषण व कैश चोरी

**नारनौल।** ढाणी किरारोद अफगान में एक मकान से एक किलो चांदी सहित सोने के आभूषण और नकदी चोरी हो गई। पीड़ित ढाणी किरारोद अफगान निवासी अशोक कुमार ने बताया कि उसने नया मकान खेतों में बना रखा है। पुराना मकान पैतृक जगह में है। वह और उसका परिवार अब नये मकान में रहते हैं। गत 16 मई को उसकी पत्नी सुबह करीब 11 से दोपहर 3 बजे तक नए मकान में ताला लगाकर पुराने मकान में चली गई। इस दौरान नये मकान की दूसरी मंजिल के शीशे तोड़कर चोर करीब एक किलो चांदी व तीन सोने की अंगूठी व दो नाक की बाली तथा लगभग 27,000 रुपये नकद चोरी कर ले गए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसी कड़ी में गांव भूषण खुर्द में एक बंद मकान में सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी कर लिए गए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

### गोशाला से चोरों ने गाय चोरी की

**महेंद्रगढ़।** गांव नौरंगा बांस राजपूतान की श्री श्याम गोपाल गोशाला से रात के समय चोरों ने गाय चोरी कर ली। चोर गोशाला की चारदीवारी पर लगाया तार काटकर अंदर घुसे। एक चोर गाय को ले जाते हुए सीसीटीवी में कैद हो गया। गोशाला प्रधान ने सदर पुलिस थाने में शिकायत दी हैं। पुलिस ने प्रधान की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। गांव नौरंगा बांस राजपूतान निवासी मोहन सिंह ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि वह श्री श्याम गोपाल गोशाला नौरंगा बांस राजपूतान का प्रधान है। उसने बताया कि 16 मई को गोशाला में सभी गाय बंधी हुई थी। वह सभी गायों को संभालकर रात को सोया था। उसने सुबह उठकर देखा तो गायों में से दो दूध देने वाली व तीन गाय बयाने वाली थी। जिसमें एक गाय गिर नस्ल, एक गाय थारपारकर तथा तीन गाय देसी, टोटल पांच गाय चोर ले गए। इससे पहले आज तक किसी प्रकार की भी कोई चोरी गोशाला में नहीं हुई है। चोर गोशाला की चारदीवारी पर लगाए गए तार काटकर, गोशाला के अंदर घुसे।

**सरकार की योजना के अनुसार चरणबद्ध तरीके से दिए जा रहे ट्यूबवेल कनेक्शन**

# 789 किसान एस्टीमेट राशि जमा करवाएं तो मिलेंगे कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

बिजली निगम ने लंबित ट्यूबवेल कनेक्शन देने को तैयार है, लेकिन संबंधित किसानों ने एस्टीमेट कॉस्ट जमा नहीं करवाई है। कमाल की बात यह है कि ऐसे किसानों ने 30 हजार रुपये जमा करवाकर कनेक्शन लेने पर तो सहमति जताई, लेकिन अब एस्टीमेट कॉस्ट जमा नहीं करवा रहे। ऐसे करीब 789 किसान हैं, जिनको निगम द्वारा ट्यूबवेल कनेक्शन जारी किए जाने हैं। उल्लेखनीय है कि किसानों को बिजली निगम ट्यूबवेल कनेक्शन देने को तैयार है और इस प्रकिया को पूरी करने के लिए कनेक्शनों के वर्कऑडर भी समय–समय पर जारी किए जाते रहे हैं। सरकार ने जब ट्यूबवेलों के कनेक्शनों के आदेश पारित किए, तब जिला महेंद्रगढ़ यानि नारनौल सर्कल में कुल 2131 कनेक्शन होने पेंडिंग थे। सरकार द्वारा आदेश जारी करने के बाद जब वर्ष 2019 से 2021 के मध्य जिन किसानों ने ट्यूबवैल कनेक्शन के लिए आवेदन किया था, प्रथम चरण में उनके कनेक्शन किए जारी किए गए। जिस पर 2131 किसानों में से 1324 किसानों ने एस्टीमेट कॉस्ट जमा करवाई। यह कॉस्ट जमा होने पर बिजली निगम ने उन किसानों के वर्कऑडर जारी करते हुए ठेकेदार को टेंडर अलॉट कर दिया। इस प्रकार कनेक्शन देने की प्रक्रिया जारी है और किसान ट्यबवेल के बिजली कनेक्शन मिलने से खुश हैं।



### एस्टीमेट कॉस्ट जमा होने पर होंगे वर्कऑडर जारी

सरकार की योजना के अनुसार एक जनवरी 2022 से 31 दिसंबर 2023 के मध्य के ट्यूबवेल कनेक्शन जारी होने हैं। नारनौल सर्कल के अधीन वर्तमान में लगभग 789 किसान ऐसे हैं, जिनके यहां ट्यूबवेल कनेक्शन किए जाने हैं। यह वे किसान हैं, जिन्होंने निगम के पास सहमति राशि करीब 30 हजार रुपये प्रति कनेक्शन तो जमा करवा दी, लेकिन एस्टीमेट कॉस्ट जमा नहीं करवाई है। ऐसे ट्यूबवेल कनेक्शन के इच्छुक किसानों को यह एस्टीमेट कॉस्ट जमा करवाने का सुनहरा अवसर है।

### यह कहते हैं अधिकारी



जिन किसानों को ट्यूबवेल कनेक्शन की जरूरत है और जिन्होंने सहमति राशि निगम के पास जमा करवाई हुई है, वह जरूरतमंद किसान अब एस्टीमेट कॉस्ट जमा करवा सकते हैं। ऐसे किसानों को अपने एरिया के संबंधित एसडीओ कार्यालय से संपर्क करना होगा। एस्टीमेट कॉस्ट जमा कराने पर कनेक्शनों के वर्कऑर्डर जारी कर दिए जाएंगे। -**जोगेंद्र सिंह हुड्डा, एसई, बिजली निगम, नारनौल**